# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल–रोसड़ा

Near Court Campus, Rosera-848210 Email ID : ee.rosera.rwd2@gmail.com

पत्रांक– 1139 दिनांक– 22/07/2024

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल–रोसड़ा।

सेवा मे,

राम सागर यादव,
संवेदक।

विषय :– Saghi Dih Chowk to Batha Middle Tol पथ का नियमित अनुरक्षण नहीं कराने के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक–1054, दिनांक–28.06.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में कहना है कि आपके द्वारा इस प्रमंडलाधीन रोसड़ा प्रखंड अंतर्गत निर्मित पथ Saghi Dih Chowk to Batha Middle Tol में आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नियमित रूप से नहीं करवाया गया है। जिसके कारण निरीक्षण के क्रम मे अभियंताओं के द्वारा U-Grading प्रदत्त की गई है।

पथ के नियमित अनुरक्षण हेतु प्रासंगिक पत्रों के द्वारा आपसे कई बार अनुरोध किया गया है। किन्तु आपके द्वारा बार–बार उच्चाधिकारियों के आदेश का अवहेलना किया जाता है और बार–बार कहे जाने के बावजूद अबतक अनुरक्षण कार्य नहीं करवाया गया है। जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं एकरारनामा में निहित प्रावधानों के उल्लंघन का द्योतक है।

अतः निदेशित किया जाता है कि तीन दिनों के अंदर उक्त पथ के क्षतिग्रस्त भाग को ठीक कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाध्य होकर SBD की सुसंगत कंडिकाओं के तहत आपके द्वारा जमा अग्रधन की राशि को जब्त करते एकरारनामा विखंडित किये जाने हेतु उच्चाधिकारियों से अनुशंसा कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 22/07/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल–रोसड़ा

22/07/2024